तापमान

भोपाल	22.0°	28.0°
इंदौर	22.0°	28.0°
जबलपुर	23.0°	28.0°
ग्वालियर	26.0°	31.0°
सागर	22.0°	27.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 275, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, कृष्ण सप्तमी संवत् 2083
गुरुवार, 3 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... मैदानी गतिविधियों और जनसमस्याओं के निराकरण...

खेल... माया बाउचियर के शतक से इंग्लैंड ने रचा इतिहास, आयरलैंड...

व्यापार... सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी ...

देश-विदेश... नेपाल में बालेन शाह : आपदा में अवसर या...

खास-खबरें

भारत में होगा ब्रिक्स का बड़ा सम्मेलन

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : भारत इस महीने 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 12 और 13 सितंबर को होने वाले इस सम्मेलन में दुनिया के कई प्रमुख नेता शामिल होंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने जानकारी दी कि गुटेरेस लगभग 10 दिनों बाद नई दिल्ली में आयोजित होने वाली ब्रिक्स बैठक में शामिल होंगे। सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य देशों के नेताओं के साथ सहयोगी देशों के प्रतिनिधि और विशेष आमंत्रित अतिथि भी भाग लेंगे।

बेल्जियम के पीएम वेवर भारत दौरे पर

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर तीन दिवसीय भारत दौरे पर पहुंचे हैं। 2 से 4 सितंबर तक चलने वाली यह यात्रा करीब दो दशक बाद बेल्जियम के किसी प्रधानमंत्री का भारत दौरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही इस यात्रा को दोनों देशों के संबंधों को नई रणनीतिक दिशा देने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री डी वेवर के साथ बेल्जियम के रक्षा एवं विदेश व्यापार मंत्री थियो फ्रांकेन सहित वरिष्ठ अधिकारियों और कारोबारी प्रतिनिधियों का उच्चस्तरीय दल भी भारत आया है।

एस. जयशंकर यूक्रेन और पोलैंड के दौरे पर

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : विदेश मंत्री एस जयशंकर यूक्रेन और पोलैंड की यात्रा पर जा रहे हैं। वह 3-4 सितंबर को इन दोनों देशों के राजकीय दौरे पर होंगे। अपनी यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा और पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा का मकसद द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और क्षेत्रीय घटनाक्रम व आपसी हित के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करना है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील के बाद हो रहा है, जिसमें उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक में रूस-यूक्रेन जंग में शांति की अपील की थी।

ओरैकल करेगी कर्मचारियों की छंटनी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : टेक कंपनी ओरेकल दुनियाभर में अपने लगभग 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी। इससे भारत में काम करने वाले कर्मचारी भी प्रभावित हो सकते हैं। कंपनी यह कदम क्लाउड और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पर बढ़ते खर्च को संतुलित करने और अपनी लागत घटाने के लिए उठा रही है। ओरेकल मैनेजमेंट ने अपनी अलग-अलग टीमों से अपने खर्च में कटौती करने के रास्ते तलाशने को कहा है। इस फैसले की वजह से छंटनी का असर किसी एक खास बिजनेस एरिया तक सीमित रहने के बजाय कंपनी के कई विभागों पर पड़ सकता है।

चीन और रूस के साथ भारत का उल्लेख, आतंकवाद के खिलाफ सदस्य देशों की एकजुटता

एससीओ में भारत की बढ़ती ताकत की गूंज

बिश्केक, एजेंसी : शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका और ताकत की चर्चा प्रमुखता से रही। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित बैठक के दौरान बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने भारत को दुनिया के प्रभावशाली देशों में शामिल करते हुए चीन और रूस के साथ उसका उल्लेख किया। उन्होंने इन देशों को आर्थिक और परमाणु क्षमता से संपन्न बड़ी शक्तियों के रूप में बताया।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सदस्य देशों के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान आतंकवाद, क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार, विकास और सदस्य देशों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। भारत ने विशेष रूप से आतंकवाद और सुरक्षा के मुद्दे पर अपना पक्ष मजबूती से रखा।

एलेक्जेंडर ने दुनिया के प्रभावशाली देशों में गिना

मध्य एशिया में भारत के लिए महत्वपूर्ण मंच

एससीओ भारत के लिए मध्य एशिया और यूरेशिया के देशों के साथ संबंध मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। संगठन के माध्यम से भारत को व्यापार, सुरक्षा, विकास और संपर्क व्यवस्था के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसर मिलते हैं। बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिन्हें भारत के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आने वाले समय में आतंकवाद और क्षेत्रीय स्थिरता के मामलों में एससीओ की भूमिका और प्रभाव बढ़ने की संभावना है। संगठन की अगली राष्ट्राध्यक्षों की बैठक वर्ष 2027 में पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी।

आतंकवाद के खिलाफ दोहरे रवैये पर कड़ा संदेश

एससीओ के सदस्य देशों ने आतंकवाद के खिलाफ साझा और सख्त रुख अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सदस्य देशों का कहना था कि आतंकवाद से मुकाबले में किसी भी प्रकार का दोहरा मापदंड स्वीकार नहीं किया जा सकता। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंकवाद को सरकारी नीति के रूप में इस्तेमाल करने वाले देशों के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई की जरूरत है। बैठक में आतंकवादी गतिविधियों के लिए इंटरनेट के दुरुपयोग पर भी चिंता जताई गई।

मुख्यमंत्री ने किसान मेले को किया वर्चुअली संबोधित

किसानों को अब दिन में भी मिलेगी बिजली

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को लगातार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। अब किसानों को सिंचाई के लिए दिन के समय भी बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे वे सुविधाजनक समय पर अपनी फसलों की सिंचाई कर सकेंगे। मुख्यमंत्री बुधवार को श्योपुर कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव एवं किसान मेले को ग्वालियर एयरपोर्ट से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान जिले के किसानों से संवाद भी किया और मंडी परिसर में किसानों के लिए नए विश्राम गृह के निर्माण हेतु 60 लाख रुपये देने की घोषणा की। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। किसानों के हित में विभिन्न कार्यक्रम और योजनाएं संचालित की जा रही हैं। शून्य प्रतिशत ब्याज पर मिलने वाले कृषि ऋण की अवधि को भी बढ़ाया गया है। अब किसान ऋण लेने की तारीख से एक वर्ष तक उसे चुका सकेंगे। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक से अधिक दुग्ध सहकारी समितियों का गठन कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने श्योपुर के किसानों द्वारा धान, गेहूं और मोटे अनाज के उत्पादन की भी सराहना की। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों और फसलों से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी। पशुपालन, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई।

इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। वहीं, 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए समाज में फिजूलखर्ची कम करने और सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों को बढ़ावा देने की अपील भी की।

तीन नए ट्रस्टियों के नामों की भी घोषणा ...

राममंदिर के पहले सीईओ बने पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा

नईदुनिया ब्यूरो, अयोध्या : अयोध्या राम मंदिर के पहले सीईओ (चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर) के नाम का ऐलान कर दिया गया है। बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा के नाम पर मुहर लगाई। जितेंद्र मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर में पश्चिमी वायु कमान को लीड किया था। वह देवरिया के रहने वाले हैं। चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तीसरी बैठक चल रही है। इसमें ट्रस्ट के 3 नए ट्रस्टियों की घोषणा कर दी गई है। पहली बार महिला को भी शामिल किया गया। दिल्ली के महेश भागचंदका, अयोध्या के एडवोकेट मदन मोहन पांडेय और आरएसएस से जुड़ी शिकोहाबाद की निर्मला यादव को ट्रस्टी बनाया गया है। महेश भागचंद का विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंघल के रिश्तेदार हैं। 2020 में राम मंदिर के भूमि पूजन के धार्मिक अनुष्ठानों में वह मुख्य यजमान रहे थे। इसके बाद 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान भी यजमान रहे। 7 जून को चढ़ावा चोरी का मामला सामने आया था। मामले में 8 आरोपी जेल में हैं। इससे पहले 2 जुलाई को हुई बैठक में महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार किया गया था।

नेपाल : राहत-बचाव कार्य में सहयोग पर पीएम शाह ने भारत और चीन का जताया आभार

नईदुनिया ब्यूरो, काठमांडू : नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बाद राहत और बचाव कार्यों में सहयोग के लिए प्रधानमंत्री बालेन शाह ने भारत और चीन का धन्यवाद किया है। बुधवार को संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों पड़ोसी देशों ने संकट की घड़ी में समय पर राहत सामग्री, तकनीकी सहायता और आपात मदद पहुंचाई। भारत की ओर से राहत सामग्री की पांचवीं खेप नेपाल भेजी जा चुकी है। भारतीय विशेषज्ञ दल प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के साथ सुरंगों में खोज अभियान और मृतकों की पहचान में सहयोग कर रहे हैं। वहीं, चीन ने ग्यिरोंग सीमा तक जाने वाले राजमार्ग को खोल दिया है, जिससे राहत और बचाव दलों को प्रभावित इलाकों तक पहुंचने में सुविधा मिल रही है।

दिशा सालियान मौत मामले की जांच सीबीआई करेगी

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई : बंबई उच्च न्यायालय ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व प्रबंधक दिशा सालियान की मौत के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच के आदेश दिए हैं। अदालत ने मामले में मुंबई पुलिस की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा कि करीब छह साल तक इसे केवल दुर्घटना से हुई मौत मानना उचित नहीं था। न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और न्यायमूर्ति रंजीतसिंह राजा भोंसले की पीठ ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा कि पुलिस की जांच से कई सवालों के जवाब मिलने के बजाय नए सवाल खड़े हुए हैं। अदालत ने कहा कि किसी भी मामले की जांच को अनिश्चित समय तक लंबित नहीं रखा जा सकता। पीठ ने मुंबई पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जांच में कई स्पष्ट कमियां नजर आई हैं। अदालत के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए अब इसकी जांच केंद्रीय एजेंसी से कराना जरूरी है।

12 के बजाय अब 19 को इंदौर आएंगे राहुल गांधी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इंदौर दौरा अब 12 सितंबर के बजाय 19 सितंबर को होगा। कांग्रेस के प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तारीख और स्थान दोनों में बदलाव किया गया है। पहले यह आयोजन नेहरू स्टेडियम में होना था, लेकिन अनुमति नहीं मिलने के बाद अब इसे रीजनल पार्क में आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। कांग्रेस ने कार्यक्रम के लिए नेहरू स्टेडियम की अनुमति जिला प्रशासन से मांगी थी। प्रशासन ने न्यायालय से जुड़े मामले का हवाला देते हुए वहां आयोजन की अनुमति नहीं दी। इसके बाद पार्टी ने वैकल्पिक स्थल तलाशते हुए रीजनल पार्क को कार्यक्रम के लिए चुना। लगातार बारिश भी कार्यक्रम की तारीख आगे बढ़ाने की एक बड़ी वजह बताई जा रही है। इंदौर में हो रही बारिश के कारण खुले मैदान में आयोजन की तैयारियां प्रभावित हो रही थीं।

यमुना में प्रशिक्षण के दौरान नाव पलटी, दो जवान डूबे

सहारनपुर। हथिनीकुंड बैराज के पास यमुना नदी में प्रशिक्षण के दौरान बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। अर्द्धसैनिक बल के जवानों के बचाव अभियान संबंधी अभ्यास के दौरान नदी में लगी नाव अचानक खराब होकर असंतुलित हुई और पलट गई। हादसे में दो जवान सुरक्षित बाहर निकल आए, जबकि दो जवान यमुना के गहरे पानी में डूब गए। उनकी तलाश के लिए बड़े स्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जवान हेलीकॉप्टर से यमुना में छलांग लगाने के बाद बचाव प्रशिक्षण में शामिल थे। नदी में मौजूद जवानों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एक नाव लगाई गई थी। इसी दौरान नाव अचानक पानी में बंद हो गई और संतुलन बिगड़ने से पलट गई। नाव पर चार जवान सवार थे।

बड़ा कदम — यूपी के करीब पांच लाख आउटसोर्स कर्मियों को नई सौगात...

शोषण व अन्याय को रोकने के लिए बना निगम

नईदुनिया ब्यूरो, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के लाखों आउटसोर्स कर्मियों के हितों को लेकर बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता श्रमिकों का सम्मान सुनिश्चित करना और उनके साथ होने वाले शोषण व अन्याय को रोकना है। नई व्यवस्था से प्रदेश के करीब साढ़े तीन लाख से पांच लाख आउटसोर्स कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकार की ओर से कर्मचारियों के मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और सेवा व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाने की पहल की गई है। इसके तहत हर पांच वर्ष में आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय में संशोधन की व्यवस्था भी की गई है। नियुक्ति प्रक्रिया में मनमानी रोकने और कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा के लिए भी प्रभावी तंत्र विकसित किया जाएगा।

समय पर वेतन और श्रम का सम्मान

आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलना चाहिए और उनकी मेहनत के अनुरूप उचित मानदेय सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना भी सरकार की जिम्मेदारी है। प्रदेश के विकास में स्थायी कर्मचारियों के साथ आउटसोर्स कर्मियों और श्रमिकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

समाधान के लिए बनेगा प्रभावी तंत्र

निगम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार और कर्मचारी का रिश्ता केवल वेतन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसमें विश्वास भी महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों को यह भरोसा होना चाहिए कि उनके कार्यों का उचित रिकॉर्ड रखा जा रहा है और उनकी समस्याओं को सुनने व उनका समाधान करने के लिए मजबूत व्यवस्था मौजूद है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी को कभी यह महसूस नहीं होना चाहिए कि वह अपनी समस्याओं के साथ अकेला है।